निरीक्षण आगमन स्थल का कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं और तैयारियों का लिया जायजा

अंडरग्राउंड टनल देखने आज आएंगे मुख्यमंत्री

नवभारत, कटनी। जिले की बहुप्रतीक्षित बरगी व्यपवर्तन परियोजना के तहत स्लीमनाबाद अंडरग्राउंड टनल का कार्य जल्द पूरा होगा। करीब 15 साल के लंबे इंतजार के बाद यह 11.95 किलोमीटर लंबी सुरंग पूरी हुई है। सुरंग के कार्यों का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव स्लीमनाबाद पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा ने स्लीमनाबाद पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था, हेलीपैड और रूट डायवर्जन का जायजा लिया। उन्होंने सलैया फाटक अपस्ट्रीम पोर्टल, टनल के आने-जाने वाले रास्ते और टीबीएम मशीन के बाहर निकलने वाले शाफ्ट का भी निरीक्षण किया। इस बड़ी इंजीनियरिंग कामयाबी से नर्मदा नदी का पानी पहली बार सोन बेसिन तक पहुंचाने का रास्ता साफ हो गया है। अत्याधुनिक टनल बोरिंग मशीन ने अंतिम चट्टान को काटकर सुरंग का रास्ता साफ किया, जिससे परियोजना की सबसे बड़ी तकनीकी अड़चन दूर हो गई है। यह परियोजना साल 2008 में मंजूर हुई थी और सुरंग का निर्माण कार्य 2011 में शुरू हुआ था। शुरुआत में इसकी अनुमानित लागत 799 करोड़ रुपए थी। हालांकि, जमीन के नीचे के कठिन हालातों, पानी के तेज बहाव, अचानक बने सिंकहोल, कोरोना महामारी की रुकावटों और निर्माण सामग्री की बढ़ती कीमतों के कारण परियोजना की लागत बढ़कर लगभग 1,442 करोड़ रुपए हो गई। जमीन से लगभग 30 मीटर की गहराई में जर्मनी की अत्याधुनिक टनल बोरिंग मशीन की मदद से इस सुरंग को तैयार किया गया है। विपरीत हालातों में मिली इस कामयाबी को अब मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग उपलब्धियों में गिना जा रहा है। इस टनल का निर्माण पूरा होना प्रदेश के खेती-किसानी के क्षेत्र के लिए एक बड़ा बदलाव साबित होगा। परियोजना के पूरी तरह चालू होने के बाद महाकौशल और विंध्य क्षेत्र के छह जिलों—कटनी, मैहर, सतना, रीवा, सीधी और सिंगरौली की करीब 1.85 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई की सीधी सुविधा मिलेगी। सिर्फ केवल कटनी जिले की बात करें, तो यहां की 21,823 हेक्टेयर कृषि भूमि को इस परियोजना से सीधा फायदा होगा। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण एसडीओ दीपक मंडलोई ने बताया कि टनल की खुदाई का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

टीबीएम मशीन अब अपने आखिरी शाफ्ट तक पहुंच गई है, जिसे जल्द ही सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा इसके तत्काल बाद टनल के अंदर की लाइनिंग और अन्य बचे हुए तकनीकी कामों को तेजी से पूरा किया जाएगा।

भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

भगवान जगन्नाथ के जयकारों से गूंजा शहर

नवभारत, कटनी। भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी का 144 वां रथयात्रा महोत्सव गुरूवार को शहर में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा जगन्नाथ चौक स्थित श्री जगदीश स्वामी मंदिर से बारिश कि बौछारो के बीच भव्य और विशाल रथयात्रा निकाली जा रहीं सुसजिज्जत रथ पर सवार हो कर जगन्नाथ महाप्रभु अपने भक्तों को दर्शन देने निकले इसके पहले बुधवार की शाम विशाल वाहन रैली निकाली गई थी वाहन रैली जगन्नाथ स्वामी मंदिर से प्रारंभहोकर घंटाघर, शहीद द्वार, स्टेशन रोड होते हुए शेर चौक, आजाद चौक से वापस जगन्नाथ मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई। वाहन रैली में यूथ कटनी, नारी शक्ति, श्री काल भैरव समिति, शिव शक्ति महिला मंडल समेत शहर गणमान्य लोग मौजूद रहे। मिलन ग्रुप और महिला मंडल, बजरंग बाल रामायण समाज परिवार का विशेष सहयोग रहा आज सुबह सरावगी परिवार की ओर से भगवान श्री को पोशाक भेंट की गई व महाआरती कर प्रसाद का भोग चढ़ाया गया। लोक नृत्य, केरल के भक्ति बैंड रहेंगे आकर्षण का केन्द्र रथयात्रा में छत्तीसगढ़ का आदिवासी लोक नृत्य, केरल के भक्ति बैंड आकर्षण का केंद्र रहें। भगवान जगन्नाथ जी का 1100 दीपों से महाआरती की गई। उसके बाद स्थयात्रा शुरू हुई, जो आजाद चैक, शेर चौक, सुक्खन चौक, झंडा बाजार, सुभाष चौक होते हुए सब्जी मंडी स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी।

एक नजर में

शराब के नशे में घर के अंदर युवक ने स्वंय को लगाई आग, हालत गंभीर

नवभारत,कटनी। एनकेजे थाना क्षेत्र के ग्राम खेरवा में गुरुवार दोपहर एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने शराब के नशे में अपने ही घर के भीतर खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। जानकारी के अनुसार खेरवा निवासी जितेंद्र कोल (40) पिता रूपाली कोल दोपहर के समय अपने घर में अकेला था। उसके परिवार के बाकी सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे। इसी सूनेपन का फायदा उठाकर जितेंद्र ने घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद किया और अपने शरीर पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा ली। जैसे ही जितेंद्र के शरीर ने आग पकड़ी, वह दर्द से चीखने-चिल्लाने लगा। घर की खिड़कियों से तेज धुआं और उसकी आवाजें सुनकर आसपास के पड़ोसी तुरंत मदद के लिए दौड़े। अंदर से कुंडी बंद होने के कारण ग्रामीणों ने बिना वक्त गंवाए दरवाजा तोड़ा और भीतर दाखिल हुए। लोगों ने भारी मशक्कत के बाद आग बुझाई और बुरी तरह झुलस चुके जितेंद्र को बाहर निकाला। इसके बाद 108 एंबुलेंस को बुलाकर उसे जिला अस्पताल भेजा गया। ग्रामीणों के मुताबिक, जितेंद्र को शराब पीने की गंभीर लत थी। आशंका जताई जा रही है कि गुरुवार को भी उसने अत्यधिक नशा कर रखा था और इसी दिमागी असंतुलन में उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। डॉक्टरों के अनुसार, वह काफी ज्यादा झुलस चुका है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय निवासी कमलेश चौधरी और राजेश कोल ने आरोप लगाया कि खेरवा और उसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। आसानी से शराब मिलने के कारण युवा और अधेड़ उम्र के लोग नशे के दलदल में धंस रहे हैं, जिससे इस तरह के हादसे और आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

सिटी मॉल के बाहर दो युवकों ने एक को मारा चाकू

कोतवाली क्षेत्र में हुई वारदात दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत, कटनी। कोतवाली थाना क्षेत्र के सिटी मॉल के पास बुधवार देर रात एक युवक पर दो युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। घायल युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कुलदीप कुमार अपनी मोटरसाइकिल से सिटी मॉल के पास सड़क पार कर रहे थे। तभी सामने से आ रहे दो बाइक सवार युवक लापरवाही और तेज रफ्तार से निकले, जिससे दुर्घटना होते-होते बची। कुलदीप ने युवकों को धीमी गति से गाड़ी चलाने की सलाह दी। इसी बात को लेकर दोनों युवक कुलदीप से गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर दोनों युवकों ने कुलदीप पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। चाकू के हमले से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शहर में लगातार बढ़ रही चाकूबाजी की वारदातों से दहशत का महौल है। पुलिस का खौफ बदमाशों में समाप्त हो गया है।

जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करना संस्था का मुख्य उद्देश्य

जरूरतमंद बच्चों को बांटी गई शैक्षणिक सामग्री

नवभारत, कटनी। सुनील सुधा रांधेलिया फाउंडेशन द्वारा शासकीय विद्यालय के सैकड़ों बच्चों को कम्प्लीट कम्पास बॉक्स सेट, पेंसिल, रबर, स्केल, शार्पनर सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री और मिठाइयों का वितरण किया गया। इस पहल को शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है। इस संस्था का मूल उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक हर संभव सहायता, मदद और आशा पहुंचाना है। आयोजन के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया, जिसने कार्यक्रम को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया। संस्था की स्थापना शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी, सिटी टेलिविजन के संस्थापक, पेट्रोल पंप और होटल संचालक समाजसेवी स्वर्गीय सुनील रांधेलिया की स्मृति में की गई है। संस्था उनके औरप उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुधा सुनील रांधेलिया के नाम पर है। संस्था की फाउंडर सौम्या रांधेलिया का कहना है कि जरूरतमंद लोगों को हर प्रकार की मदद सहायता सहयोग दिया जाएगा। कार्यक्रम में श्रीमती सुधा सुनील रांधेलिया, संभव रांधेलिया, श्रीमती श्वेता संभव रांधेलिया, सम्राट रांधेलिया संस्था की फाउंडर सौम्या रांधेलिया, मदन दुबे सहित अन्य की उपस्थिति रही। सुनील सुधा रांधेलिया फाउंडेशन द्वारा किया गया यह सेवा कार्य न केवल जरूरतमंद बच्चों के लिए उपयोगी साबित हुआ, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश भी बनकर सामने आया।

वन क्षेत्र की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल, मुख्यालय में नहीं रहते रेंजर

मुख्यालय से गायब रहते हैं रेंजर, ग्रामीणों ने लगाए आरोप

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले की ढीमरखेड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाला वन विकास निगम रामपुर रेंज इन दिनों गंभीर विवादों और सवालों के घेरे में है। स्थानीय ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने रेंजर मनीष रौर की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए विभागीय व्यवस्था को कटघरे में खड़ा किया है। लोगों का कहना है कि जिस अधिकारी पर हजारों हेक्टेयर वन क्षेत्र की सुरक्षा और संरक्षण का जिम्मा है, वह कथित रूप से मुख्यालय से गायब रहते हैं और महीने में सिर्फ एक या दो दिन ही दफ्तर आते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रेंजर मनीष रौर न तो मुख्यालय पर निवास करते हैं और न ही कार्यालय में नियमित उपस्थित रहते हैं। रेंज का संचालन अधीनस्थ कर्मचारियों के भरोसे चल रहा है। रेंजर स्तर के निर्णयों में देरी होने के कारण प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, साथ ही फील्ड के कर्मचारियों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ रहा है। क्षेत्रवासियों के अनुसार करोड़ों रुपये की सरकारी वन संपदा, जैव विविधता और पर्यावरण की सुरक्षा दांव पर लगी है। जिम्मेदार अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण क्षेत्र में अवैध पेड़ों की कटाई, वन भूमि पर अतिक्रमण, अवैध उत्खनन और वन्यजीवों के शिकार जैसी अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की आशंका पैदा हो गई है।

स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और वन विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि रामपुर रेंज की पिछले कई महीनों की उपस्थिति पंजिका, मुख्यालय निवास रिकॉर्ड, भ्रमण डायरी, और निरीक्षण रजिस्टर की स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच कराई जाए।

कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्र./104/मुख्य स्टोर/2026-27 | **निविदा आमंत्रण सूचना** | कटनी, दिनांक- 15/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत फर्मो से ऑन लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्र.	टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक	सामग्री का विवरण	मात्रा	कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_521947_1	कम्प्यूटर सेट प्रिंटर (सिंगल फंक्शन)	आवश्यकतानुसार	240 दिवस	5000.00 19125.00	17/08/2026

नोटः-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा तथा निविदाकारों को सभी सामग्री की दरें प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिक निगम, कटनी

पुलिस देख भाग रहा युवक गांजा सहित गिरफ्तार

रीठी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान की कार्रवाई

नवभारत, रीठी। जिली के रीठी थाना क्षेत्र में वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक सवार एक युवक को गांजा सहित गिरफ्तार किया है। युवक के पास से पुलिस ने एक किलो दो सौ ग्राम गांजा जब्त किया है। गांजा रखने के आरोप में पुलिस ने बाइक सवार युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि रीठी के मुख्य गेट के सामने पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार पुलिस बल को देखकर अचानक हड़बड़ा गया और अपनी मोटरसाइकिल को मोड़कर तेजी से भगाने का प्रयास करने लगा। आरोपी की इस संदिग्ध गतिविधि को भांपते हुए पुलिस बल ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। युवक कर तलाशी के दौरान उसके पास से लगभग एक किलो दौ सौ ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने गांजा जब्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पकड़ा गया आरोपी रीठी थाना क्षेत्र के खाम गांव निवासी भागवत उर्फ मुत्तु पटैल है। पुलिस ने आरोपी की मोटर साइकिल भी जब्त कर ली गई है। कार्रवाई में रीठी थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद, विनोद पटेल, दिनेश चौहान, सहायक उपनिरीक्षक जयचंद उइके एसआई सुशील प्रजापति, प्रधान आरक्षक राम पाठक, अजय मेहरा, रत्नेश तिवारी, अमन सिंह ठाकुर आरक्षक अनूप सिंह, शमशेर सिंह, घनश्याम निषाद की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मोर्य और डीएसपी रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई है। पुलिस का कहना है वाहन चैकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

जहर खाने से बुजुर्ग की मौत

नवभारत, कटनी। जिले के पहारिया गांव में जहर खाने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि पहारिया निवासी सूरज चौधरी (60) गुरूवार को घर में अकेले थे। इसी दौरान उन्होंने अज्ञात कारणों से जहर का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। परिजन उन्हें इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां उनकी मौत हो गई।

समीक्षा महापौर ने की लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

विकास कार्यों से शहरवासियों को मिलेगी बेहतर नागरिक सुविधा

नवभारत, कटनी। नगर निगम क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बुधवार 15 जुलाई को लोक निर्माण विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने शहर में प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में चौपाटी निर्माण कार्य, कटाए घाट रिवर फ्रंट, थाना तिराहा से मिशन चौक तक डिवाइडर निर्माण, सड़क, नाली निर्माण व कवरिंग कार्य सहित विभिन्न विकास अधोसंरचना कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। महापौर ने निर्देशित किया कि प्रस्तावित कार्यों की आवश्यक प्रक्रिया जल्द पूरा कर कार्यों को जल्द से जल्द किया जाए। जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने भूमिपूजन हो चुके कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने निर्देश दिए। बैठक में नाली निर्माण और नाला कवरिंग कार्यों की भी समीक्षा के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नाली निर्माण कार्यों में पर्याप्त संख्या में चैंबर बनाए जाएं और जलभराव वाले क्षेत्रों में स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही निर्माणाधीन सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग संबंधित अधिकारियों द्वारा की जाए व निर्माण कार्यों के दौरान गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों की सतत निगरानी से कार्यों में गुणवत्ता बनी रहेगी और नागरिकों को समय पर सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि शहर के विकास कार्यों का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं, सुगम आवागमन और व्यवस्थित शहरी वातावरण उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।